The above proposals could b$_e$ tech-no-economically appraised alter the *r*-availability of all inputs including gas and water, has been confirmed and requisite clearance have been obtained.

महानगर टेलीफोन नियम लिमिटेड की प्रापण संबंधी नीति

2004. **श्री रशीद मसूद :** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 24 फरवरी, 1988 के 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में "प्ली फार प्रापर प्रोक्योरमेंट पालिसी वाय एम.टी.एन.एल" शीर्षक के अधीन छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकार, महानगर टेलीफोन निगम द्वारा प्रतियोगी निविदाओं के द्वारा, भण्डार की खरीद और ठेकेदारों को उनके द्वारा निवेदित दरों, गुणवत्ता और भंडार की समय पर आपूर्ति की उनकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए, नियमों के अनुसार ठेका देने में कोई बुराई नहीं समझती । जहां तक कापर कोटेड स्टील ड्राप वायर की आपूर्ति का सम्बन्ध है, यह एक विकासात्मक क्रम था क्योंकि इस प्रकार के ड्राप वायर के लिए आपूर्ति से पहले टैक्नोलाजी का विकास किया जाना था, इसलिए सप्लाई कर्ताओं द्वारा वांछित भंडार की आपूर्ति करने में समय लगाया । ड्राप वायर सहायक उपकरणों के लिए नोएडा की किसी फर्म को कोई आर्डर नहीं दिया गया है ।

उत्तर प्रदेश में डाक तथा दूरसंचार सेवाओं का विस्तार

2005. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में डाक तथा दूरसंचार सेवाओं के विस्तार हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ; और

(ग) इस प्रयोजन के लिये कितनी धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) : (क) डाक : जी, हां ।

(ख) डाक :विवरण अनुबन्ध में दिए गए हैं । [देखिए परिशिष्ट CXLV, अनुपत्र सं० 75]

(ग) डाक : नये डाकघरों के लिए स्वीकृत किए गए आवर्ती व्यय की अनुमानित राशि 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है ।

(क) से (ग) दूरसंचार : जानकारी एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

स्मारक डाक टिकटों का जारी किया जाना

2006. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **संचार** मंत्री 29 फरवरी, 1988 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 98 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह